कोयला खनन क्षेत्रों में केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का तैनात किया जाना

1504. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार कोयला खानों में उत्पादन बढ़ाने और कोयला खान क्षेत्रों में अवैध खानों को रोकने के लिए केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की विशेष टुकड़िया तैनात करने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे पुलिस बल/सुरक्षा बल के कितने कार्मिक तैनात किए जायेंगे और उन्हें कब तक तैनात कर दिये जाने की संभावना है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री बसंत साठे) : (क) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की यूनिटों को भारत कोकिंग कोल लि० और ईस्टर्न कोल फील्ड्स लि० के बिहार तथा पश्चिम बंगाल के कोयला क्षेत्रों में व्यक्तियों तथा सामग्री की सुरक्षा किए जाने तथा साथ ही गैर कानूनी खनन कार्य और असामाजिक तत्वों के क्रियाकलापों को रोकने के लिए अनेक वर्षों से तैनात किया गया है । फिलहाल, अन्य कोयला क्षेत्रों में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल को तैनात किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

नाथ कर्णपुरा (बिहार) में तापीय विद्युत गृह

1505. **श्री अश्विनी कुमार** : क्या **ऊर्जा** मंत्री 9 नवम्बर, 1987 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 24 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एन० टी० पी० सी० 2×500 मेगावाट तापीय विद्युत गृह को नाथ कर्णपुरा में स्थापना करने के प्रस्ताव पर विचार कर लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम ने प्रस्तावित उत्तरी कर्णपुरा सुपर ताप विद्युत परियोजना, चरण-एक (2×500 मेगावाट) के संबंध में तकनीकी-आर्थिक दृष्टि से मूल्यांकन किए जाने के लिए जुलाई, 1988 में एक व्यवहार्यता रिपोर्ट केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को प्रस्तुत की है ?

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस की एजेंसियों का आवंटन

1506. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के ऐसे कस्बों और शहरों के नाम क्या हैं जहां अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस की एजेंसियां आवंटित की गई हैं ;

(ख) सरकार निकट भविष्य में राजस्थान के किन-किन शहरों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस की एजेंसियां आवंटित करने का विचार रखती है ; और

(ग) ऐसे व्यक्तियों को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस की एजेंसियां के आवंटन के लिए अपनाये जा रहे मानदंडों का ब्योरा क्या है ?